आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :454 पृष्ठ –4 दिनांक 16 अप्रेल 2025 दिन बुधवार

## बंगाल हिंसा पर CM योगी का बड़ा बयान कहा–लातों के भूत बातों से नहीं मानेंगे

पश्चिम बंगाल स्थित मुर्शिदाबाद और 24 परगना जिले के भांगड़ में हिंसा के बाद स्थानीय प्रशासन का दावा है कि हालात नियंत्रण में हैं. इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुर्शिदाबाद को लेकर बड़ा बयान दिया है. सीएम ने कहा है कि लातों के भूत बातों से नहीं मानेंगे. दंगाई डंडे से ही मानेंगे. जिसे बा. ग्लादेश पसंद, वो बांग्लादेश जाए. बंगाल हिंसा पर कांग्रेस–समाजवादी पार्टी खामोश है.सीएम ने कहा कि बंगाल जल रहा है. वहां की मुख्यमंत्री चुप हैं. दंगाइयों को शांतिदूत कहती हैं. लातों के भूत बातों से नहीं मानेंगे. सेक्युलरिज्म के नाम पर दंगाइयों को खुली छूट दे दी है. सीएम ने कहा कि पिछले 1 हफ्ते से मुर्शिदाबाद जल रहा है. सरकार मौन है. इस प्रकार की अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए. मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं धन्यवाद दूंगा इस बात के लिए वहां के न्यायालय को कि वहां पर केंद्रीय बलों को तैनात कर अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा की व्यवस्था के लिए कदम उठाया है. आज केंद्रीय बल



वहां तैनात हैं. आपने वहां की पीड़ा सुनी होगी. सब लोग मौन है. कांग्रेस, सपा, टीएमसी मौन है. वह धमकी पर धमकी दिए जा रहे हैं. बांग्लादेश के अंदर जो हुआ था वो उसका समर्थन कर रहे हैं. अगर बांग्लादेश अच्छा लग रहा है तो वहीं चले जाएं क्यों भारत की धरती पर बोझा बने हुए हो. बता दें सीएम योगी, मंगलवार, 16 अप्रैल को हरदाई में थे. हरदोई में सीएम 650 करोड़ रुपये की लागत की 729 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में शामिल हुएमुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा और बर्बादी का मंजर सड़कों पर जले हुए वाहनों, लूटे गये शॉपिंग मॉल और फार्मेसी में तोड़फोड़ के रूप में देखने को मिला. मुर्शिदाबाद में रविवार को सड़कें सुनसान रहीं, दुकानें बंद रहीं और लोग घरों के अंदर ही रहे. सैकड़ों की संख्या में लोग नदी पार कर मालदा जिले में गए और वहां शरण ली. इस आशय की जानकारी अधिकारियों ने दी.

## प्रयागराज पत्नी को छोड़ दूसरी महिला के साथ रहता था . बेटा, पिता से हुआ विवाद तो बाप ने मारी गोली

प्रयागराज शहर के धूमनगंज थाना क्षेत्र के कालिंदीपुरम में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां पिता और पुत्र के बीच कहां सुनी होने पर पिता ने बेटे पर बंदूक से फायरिंग कर दी. प्रयागराज के कालिंदीपुरम में स्थित मौसम विहार कॉलोनी में विवेक दुआ नाम का दवा कारोबारी रहता है, जिसका फ्लैट नंबर 404 है.बताया जा रहा है विवेक दुआ फ्लैट नंबर 404 में किसी दूसरी महिला के साथ रहा करता है. इसी बात को लेकर बाप बेटे में कहा सुनी हुई. उसी के बाद विवेक दुआ ने अपने बेटे अंश दुआ पर फायरिंग कर दी. गोली अंश के पैर में लगी थी, अंश दुआ को स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उसका अभी इलाज चल रहा है. प्रयागराज के कालिं दीपुरम में मौसम विहार कॉलोनी में विनोद दुआ एक दूसरी महिला के साथ 404 नंबर फ्लैट में रहता है. विनोद दुआ के परिवार को इस बात का शक हो गया था. तभी विनोद दुआ का बेटा अंशु दुआ और उसकी मां पूजा दुआ फ्लैट नंबर 404 में जब पहुंची तो उन्होंने अपने पति को रंगे हाथ दूसरी महिला के साथ पकड़ा लिया.अंश दुआ ने जब अपने पिता को दूसरी महिला के साथ फ्लैट पर देखा तो उसने अपनी मां, बहन और भाई सबको बुला लिया. जब पूरे परिवार ने उसे महिला को बाहर करने की बात कही, इसी बात को लेकर विनोद दुआ काफी भड़क गया और अपने परिवार वालों के साथ मारपीट करने लगा. इसी बीच उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से अपने बेटे अंश दुआ पर फायरिंग की. गोली उसके पैर में लगी जिससे की लहूलुहान होकर वह जमीन पर गिर गया. गोली की आवाज सुनकर पूरे कॉलोनी में हड़कंप सा मच गया और कॉलोनी वालों ने पुलिस को तुरंत सूचित किया. मौके पर पुलिस पहुंचते ही विवेक दुआ को गिरफ्तार कर लिया. विवेक दुआ की पत्नी पूजा दुआ ने पुलिस को पूछताछ में बताया उनके पति का संबंध किसी दूसरी लड़की के साथ भी है.

पत्नी का कहना है कि जब से उनके पति दूसरी लड़की के संपर्क में आए हैं, तब से उनके परिवार में लड़ाई झगड़ा अक्सर होने लगा और परिवार के ऊपर वह ध्यान भी कम देने लगे. जब भी परिवार वाले उस लड़की से रिश्ता खत्म करने की बात करते थे तो वह अक्सर भड़क जाया करते. पत्नी पूजा दुआ ने बताया 4 साल से वह हमारे साथ नहीं रहा करते थे.विनोद दुआ ने सा. साइटी में ही एक अलग फ्लैट लेकर उस लड़की के साथ रहा करते थे. शनिवार की रात जब विनोद दुआ का बड़ा बेटा देवांश ने अपने पिता को उस लड़की के साथ रंगे हाथ पकड़ा उसी के बाद से विवाद बढ़ गया. पुलिस ने इस पूरे मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है. मामले की पूरी जांच पड़ताल भी कर रही है कि आखिर वह लड़की कौन है और किसके साथ विनोद दुआ रहा करते थे.

## बहराइच में सड़क हादसे में एक परिवार के 5 लोगों की मौत

बहराइच में सड़क हादसे में एक परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। 11 लोग घायल हैं। ओवरटेक कर रही बस ने सामने से आ रहे टेम्पो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सवारियां कई फीट दूर जाकर गिरीं।हादसे के बाद चीख–पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से हॉस्पिटल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने 5 को मृत घोषित कर दिया। 11 घायलों में 5 की हालत गंभीर है। उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया है। हादसा मंगलवार दोपहर गोंडा रोड पर खुटहना इलाके में हुआ।डीएम मोनिका रानी ने बताया– टेंपो में 16 लोग थे। मृतकों में 2 महिलाएं मरियम (65) और मुन्नी(45), एक आदमी अमजद(45) और 2 बच्चे अजीम (12) और फहद(5) हैं। हादसा ओवरटेकिंग के चक्कर में हुआ है। ट्रैक्टर–ट्रॉली को ओवरटेक करते समय बस सामने से आ रहे टेम्पो से टकरा गई।सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। किसी शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। सभी उसुलपुर थाना क्षेत्र के इरई गांव के रहने वाले थे। यह सभी थाना हुजूरपुर से कोल्हुआ गांव में वलीमा में शामिल होने जा रहे थे।टेपों ओवर स्पीड में था स्थानीय ने बताया– सह सभी लोग दावत में जा रहे थे। बस ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि कुछ लोग टेपों से बाहर सड़क पर जा गिरे। टेपों पूरा भरा हुआ था। टेपों वाला ओवर स्पीड में चला रहा था।मृतक बच्चे की मां ने बताया– मेरे बच्चे की मौत हो गई है। हम 16 लोग टेंपो बुक करके रिश्ते दारी में जा रहे थे। वहां पर वलीमा था। उसी में शामिल होने था। सब मेरे परिवार के ही थे। कई लोग गंभीर है।

## देहरादून के 5 जिलों में ओलावृष्टि के साथ बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

उत्तराखंड में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलने जा रहा है. मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने राज्य के पांच जिलों चमोली, पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, नैनीताल और चंपावत में ओलावृष्टि, तेज गर्जना और आकाशीय बिजली के साथ हल्की बारिश की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है. यह बदलाव मंगलवार से प्रभावी होगा और 18 अप्रैल तक असर दिखा सकता है.मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम में अस्थिरता देखने को मिल सकती है. इन जिलों में स्थानीय स्तर पर मौसम प्रभावित हो सकता है, जबकि शेष क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है. उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल तक हल्की बारिश और ओलावृष्टि की स्थिति बनी रहेगी, जिससे तापमान में गिरावट आने की संभावना है. हालांकि, हरिद्वार जनपद को छोड़कर बाकी सभी जिलों में बुधवार से मौसम का असर देखा जा सकता है.सोमवार को राजधानी देहरादून सहित राज्य के मैदानी इलाकों में तेज धूप के कारण गर्मी का असर महसूस किया गया. हालांकि दोपहर बाद हल्के बादल छाने से मौसम में थोड़ी नरमी आई. देहरादून का अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक था.राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों में ओलावृष्टि और बारिश से स्थानीय किसानों को फसलों को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी गई है. विशेषकर फल और सब्जियों की खेती करने वाले किसान मौसम परिवर्तन से प्रभावित हो सकते हैं.मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें और आकाशीय बिजली से बचने के लिए सतर्कता बरतें. प्रशासन को भी अलर्ट रहने को कहा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से समय रहते निपटा जा सके. बदलते मौसम के इस दौर में आगामी दिनों में तापमान में कुछ गिरावट आने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे आमजन को गर्मी से राहत मिल सकती है.

## गाजियाबाद पुलिया पर ट्रक पलटने से 2 घंटे तक फंसा परिचालक, क्रेन की सहायता से बचाई गई जान

गाजियाबाद के थाना लोनी क्षेत्र के ज्ञत इंटर कॉलेज सकलपुर गांव के बाहर नहर पर बनी पुलिया पर एक ट्रक पलट गया. ट्रक ईट भट्ठे के लिए सामान लेकर जा रहा था. ट्रक का चालक और परिचालक दोनों ही ट्रक में फंस गए. हालांकि ड्राइवर को तो सकुशल निकाल लिया गया. लेकिन परिचालक के दोनों पैर ट्रक में फंसे होने के चलते स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उस को क्रेन की मदद से निकल गया.करीब 2 घंटे तक परिचालक ट्रक में फंसा रहा. गनीमत रही की ट्रक पुलिया पर अटका रहा अगर नहर में गिर जाता तो बड़ा हादसा होता. इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है. ट्रक चालक और परिचालक दोनों ही सुरक्षित है.गाजियाबाद के सकलपुर गांव थाना लोनी क्षेत्र में ज्ञत इंटर कॉलेज के पास एक ट्रक नहर पर बनी पुलिया से नहर में पलट गया है. दरअसल यह ट्रक नहर की पुलिया पर अटका रहा. ट्रक में दो लोग सवार थे. जो कि इसके ड्राइवर और कंडक्टर थे. दोनों लोगों की फंसे होने की सूचना पुलिस को दी गई और राहत कार्य शुरू किया. मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया की हमें सूचना मिली थी कि दो लोग ट्रक में फंस गए हैं. जिसमें ड्राइवर मनजीत और हेल्पर अमित है. ड्राइवर मनजीत को ठीक–ठाक निकाल लिया गया, लेकिन अमित के दोनों पैर फंसे होने के चलते क्रेन बुलाई गई और उसको क्रेन की मदद से निकल गया. रेस्क्यू कार्य में करीब 2 घंटे का समय लगा. अमित के पैर में चोट आई है. उस को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायल के परिजनों को सूचना दे दी गई है. ट्रक को नहर से निकाला जा रहा है.

## कानपुर सड़क हादसे 3 शिक्षकों की मौत, CM ने जताया दुख, अधिकारियों को दिए तत्काल राहत कार्यों के निर्देश



उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में हुए दर्दनाक सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है. इस हादसे में कई लोगों की जान चली गई, जबकि कुछ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को तत्काल राहत और बचाव कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए हैं. मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी बयान के मुता. बिक, मुख्यमंत्री योगी ने मृतकों के शोक–संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवे. दना प्रकट की है और कहा है कि इस दुख की घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ खड़ी है. साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित इलाज सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की. मुख्यमंत्री ने कहा कि हादसे के कारणों की पूरी जांच की जाएगी और यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है, तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी. प्रशासन को मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में कोई भी कोताही न बरतने के निर्देश दिए गए हैं.उत्तर प्रदेश में सड़क हादसों की घटनाएं लगातार चिंता का विषय बनी हुई है. खासकर त्योहारों और अवकाश के दिनों में यातायात का दबाव बढ़ने से हादसे बढ़ जाते हैं. राज्य सरकार ने पहले भी कई बार सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाए हैं, लेकिन लापरवाही, तेज रफ्तार और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन से अक्सर ऐसी घटनाएं सामने आती है.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने बीते वर्षों में सड़क सुरक्षा को लेकर कई अहम कदम उठाए हैं. हाईवे पर निगरानी बढ़ाई गई है, ट्रैफिक नियमों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं और ड्राइवरों के प्रशिक्षण के लिए विशेष शिविर भी लगाए जा चुके हैं. फिलहाल, कानपुर हादसे में प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और राहत–बचाव कार्य लगातार जारी है. स्थानीय पुलिस और

एंबुलेंस सेवा के साथ–साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर सक्रिय है. सरकार ने भरोसा दिलाया है कि पीड़ितों को हर संभव मदद दी जाएगी.

## खुद को गोली मारने की धमकी पर बोले अखिलेश यादव



राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने खुद को मिली धमकी पर प्रतिक्रिया दी है. राज्य स्थित आजमगढ़ पहुंचे अखिलेश ने कहा कि आज लोग हमें कह रहे हैं की गोली मार देंगे, अगर मैं कमजोर दिल का होता तो यहां नहीं आ पाता.सरकार ऐसे लोगों पर क्या कारवाई कर रही है. ऐसे लोगों को मुख्यमंत्री योगी बढ़ावा दे रहे हैं. रामजी लाल सुमन और इंद्रजीत सरोज के बयान पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा – मैंने अभी उनका बयान सुना नहीं है लेकिन मैं सभी समाजवादी पार्टी के नेताओं से यही कहूंगा की इतिहास की कोई बात ना करें जिससे समाज मैं लड़ाई होती हो. मैं सभी समाजवादी लोगों से यही कहूंगा की इतिहास की कोई बात ना करें. आज हमारे साथ अन्याय हो रहा है हम जहां जाते हैं उस जगह को गंगाजल से धोया जा रहा है. अखिलेश ने कहा कि मैं पार्टी में कहूंगा की कोई भी सवाल इतिहास का ना करे. मैं यह कहना चाहता हूं कि इतिहास की वह बातें न करें जिनसे कोई सकारात्मक बात न निकले. बाबा साहब ने जो हमे संविधान दिया है उससे ज्यादा हमारे लिए सम्मान की कोई चीज नहीं हो सकती.उन्होंने कहा कि जब से बीजेपी हारी है, जनता ने उन्हें दिखा दिया है कि लोकतंत्र में ताकत क्या है वोट की, जनता ने हमें सबसे ज्यादा सीटें जिताई. संविधान ही हमारी ढाल है. हज कोटा बढ़ाए जाने पर कहा अखिलेश ने कहा कि अच्छी बात है सभी को धार्मिक कार्य करना चाहिए. इसके अलावा अखिलेश ने कहा कि कठिन परिस्थितियां जब थी लोकतंत्र, संविधान बचाने की तो बलिया, मऊ, आजमगढ़, जौनपुर की जनता ने एकजुट होकर हमारा साथ दिया. पीडीए परिवार की एक जुटता दिखाई दी, उस लड़ाई को हम संकल्प लेते हैं आगे बढ़ाएंगे

# हाथरस में शराब के नशे में युवक ने खाया जहर नशे के कारण घर पर होता था झगड़ा

हाथरस के सासनी कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला पोपा में एक युवक की मौत हो गई। नगला फूफा निवासी 40 वर्षीय सलीम पुत्र बुद्धा खां ने शराब पीने के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। सलीम पिछले कुछ समय से अत्यधिक शराब का सेवन करने लगा था।इसे लेकर घर में भी क्लेश रहता था। शराब के सेवन से उसकी स्थिति पहले भी कई बार खराब हो चुकी थी। जहरीला पदार्थ खाने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। परिवार ने तुरंत उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा... चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों का कहना है कि सलीम ने शराब के नशे में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। सलीम शादीशुदा था और उसके चार बच्चे हैं। पुलिस ने भी मामले को लेकर जांच पड़ताल और पूछताछ की।

# हाथरस में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गई

हाथरस में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गई। हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव महौं के पास एक ईको कार ने पहले एक बाइक और फिर स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अलीगढ़ रेफर किया गया है।हादसे में बाइक सवार दो सगे भाइयों और उनके मौसा की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान विशाखापट्टनम में तैनात नौसेना जवान सुमित (22) और उसके भाई अमित (24) पुत्र नारायण हरि के रूप में हुई। दोनों भाई अपनी ननिहाल जलेसर के गांव चिरगांव से अपने गांव मुरसान कोतवाली क्षेत्र के पदू जा रहे थे।स्कूटी सवार का बेटा भी घायल स्कूटी पर सवार शिव कॉलोनी सिकंद्राराऊ निवासी योगेश कुमार (55) की भी मौत हो गई। उनके साथ स्कूटी पर सवार उनका बेटा निमेष गंभीर रूप से घायल हुआ है। योगेश कुमार दोनों



मृतक भाइयों के मौसा थे। हादसे में एक अन्य व्यक्ति मदनपुर थाना नारखी, फिरोजाबाद निवासी विजय भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। परिजनों ने बताया कि परिवार में अमित और सुमित ही दो भाई थे। उनके कोई और भाई–बहन नहीं हैं। वहीं, पिता खेती–बाड़ी करते हैं। घायलों को किया अलीगढ़ रेफर... दोनों घायलों को अलीगढ़ के अस्पताल में रेफर किया गया है। पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसा सुबह करीब 9 बजे हुआ, जब अलीगढ़ से फिरोजाबाद जा रही ईको कार ने जलेसर रोड पर यह हादसा किया।

# हाथरस में छात्रों ने प्रभात फेरी निकाली

हाथरस में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. अंबेडकर पार्क, अलीगढ़ रोड से बागला इंटर कॉलेज तक प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक कुंतेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।रैली में कई शैक्षणिक संस्थानों के छात्र–छात्राएं शामिल हुए। इनमें बागला इंटर कॉलेज, अक्रूर इंटर कॉलेज के साथ परिषदीय विद्यालयों से गढ़ी तमना, दयानतपुर और नगला अलगर्जी के संविलियन विद्यालय के विद्यार्थी शामिल थे। प्रतिभागियों ने बैनर और झंडे लिए।डॉ. आंबेडकर के उद्धरणों से सजे पोस्टर भी दिखाई दिए। छात्रों ने सामाजिक न्याय, समता और संविधान की रक्षा के नारे लगाए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डॉ. आंबेडकर के विचारों को जन–जन तक पहुंचाना था। साथ ही सामाजिक समरसता और समानता का संदेश फैलाना भी था।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद... कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र, जिला समन्वयक माध्यमिक व समग्र शिक्षा के अधिकारी मौजूद रहे। कई शिक्षक और शिक्षिकाएं भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। यह आयोजन 15 अप्रैल 2025 को स्वतंत्रता के अमृत काल में किया गया।

# हाथरस में आंबेडकर जयंती का बैनर गायब नयाबांस मोहल्ले में बैनर हटाए जाने पर लोगों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी

हाथरस के नयाबास मोहल्ले में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर लगाए गए बैनर को बीती रात किसी ने हटा दिया। यह घटना हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र में हुई। कल पूरे शहर और देहात में धूमधाम से भारत रत्न डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाई गई थी।इस दौरान जगह–जगह बैनर और होर्डिंग लगाए गए थे। शहर के नयाबास मोहल्ले में भी स्थानीय लोगों ने बैनर लगाया था। लोगों ने पूरे उत्साह के साथ बाबा साहब डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती मनाई थी। इसे लेकर वहां लोगों ने बैनर आदि भी लगाए थे।आज सुबह जब लोगों को बैनर गायब मिला, तो वे आक्रोशित हो गए। स्थानीय निवासियों ने डॉ. अंबेडकर की तस्वीर लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने नारेबाजी भी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि किसी ने जानबूझकर बैनर को हटाया है। ऐसे लोगों का पता लगाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।




हाथरस सदर तहसील में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) ने आज विभिन्न मांगों को लेकर धरना–प्रदर्शन किया। किसान नेताओं ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती का मुद्दा उठाया। उनका कहना है कि इससे सिंचाई कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कई गांवों में अवैध खनन की समस्या भी गंभीर है। प्रशासन इस पर रोक लगाने में विफल रहा है।प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्र के टूटे संपर्क मार्गों की ओर भी ध्यान खींचा। खराब सड़कों से न केवल आवागमन में परेशानी हो रही है, बल्कि हादसों का खतरा भी बना रहता है। किसानों ने एमएसपी गारंटी कानून को जल्द लागू करने की मांग की। साथ ही सेंगर नदी की सफाई का मुद्दा भी उठाया।धरने में संजीव कुमार उर्फ भोला सूर्यवंशी, आशू चौधरी, सुनील शर्मा, महेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, अशोक कुमार, संजय कुमार, विष्णु चौधरी और नरेंद्र ठाकुर समेत कई किसान नेता मौजूद थे।

# हाथरस ने तेज रफ्तार कार ने स्कूटी और बाइक को मारी टक्कर, नौसैनिक समेत 3 की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

हाथरस उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में मंगलवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां एक इको गाड़ी ने बाइक और स्कूटी को सामने से टक्कर मार दी। इको गाड़ी की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दो सगे भाइयों और स्कूटी पर सवार एक शख्स की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में एक नौसेना का जवान है।हादसे को देख मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इस हादसे की सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को मदद से घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया और मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे में घायल हुए इको गाड़ी चालाक को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस इको गाड़ी चालाक से हादसे की जानकारी जुटा रही है।यह हादसा कोतवाली हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव बघराया के पास हुआ। यहां इको गाड़ी ने सड़क पर गड्ढे बचाने के चक्कर में एक बाइक और एक स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान विशाखापट्टनम में तैनात नौसेना जवान 22 वर्षीय सुमित और उसके 24 वर्षीय भाई अमित पुत्र नारायण हरि के रूप में हुई है। दोनों भाई अपनी ननिहाल जलेसर के गांव चिरगांव से अपने गांव पदु मुरसान जा रहे थे।इस हादसे में स्कूटी सवार 55 वर्षीय योगेश कुमार निवासी शिव कॉलोनी सिकंदराराऊ की भी मौत हो गई। उनके साथ स्कूटी पर सवार उनका बेटा निमेष गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे में इको चालक विजय निवासी गांव मदनपुर थाना नारखी जिला फिरोजाबाद भी गंभीर रूप से घायल हो गया है।पुलिस का कहना है कि इको गाड़ी ने बाइक और स्कूटी में टक्कर मारी थी जिसके 3 लोगो की मौत हो गई है। दोनों घायलों को अलीगढ़ के मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अलीगढ़ से फिरोजाबाद जा रही ईको गाड़ी से जलेसर रोड पर यह हादसा हुआ है।

# एनएच–509 के लिए जमीन अधिग्रहणहाथरस में किसानों ने धरना देकर ज्ञापन दिया, बढ़े हुए सर्किल रेट से मुआवजे की मांग

हाथरस में एनएच–509 के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण के मुद्दे पर सैकड़ों किसानों ने तहसील सादाबाद में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन किसानों ने वहां अधिकारियों को दिया। इससे पहले किसानों ने वहां धरना देकर प्रदर्शन किया।सादाबाद, सासनी और हाथरस तहसील के लगभग 400 किसानों की जमीन इस परियोजना के लिए अधिग्रहित की जा रही है। किसानों का कहना है कि प्रतिवर्ष सर्किल रेट में 10 से 20 प्रतिशत की वृद्धि होती है। 3 अगस्त 2024 को नई सर्किल दरें लागू की गईं। लेकिन उनके गांवों को इन बढ़ी हुई दरों से वंचित कर दिया गया है।किसानों ने दो प्रमुख मांगें रखी हैं। उन्होंने नई बढ़ी हुई सर्किल दर के अनुसार जमीन का मुआवजा मांगा है। साथ ही अधिसूचना जारी होने से अधिग्रहण तक 12 प्रतिशत की दर से अति.




रिक्त मुआवजे की मांग की है।21 अप्रैल को देंगे धरना... किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे 21 अप्रैल को धरना–प्रदर्शन करेंगे। इस विरोध प्रदर्शन में मोहर सिंह चौधरी, विनोद, सुल्तान सिंह, रामवीर सिंह, नारायण सिंह, सुंदर सिंह, मनवीर सिंह, समेत काफी किसान नेता मौजूद थे।

# दहेज में कार मांगी तो सगी बहनों ने बारात लौटाई हाथरस में शादी के जोड़े में थाने पहुंची, बोलीं–पापा ने 6 लाख नगद दिए वो पैसा वापस चाहिए

हाथरस में दो सगी बहनों ने दहेज के खिलाफ आवाज उठाने हिम्मत की है। तय सामान से अधिक दहेज मांगने और मारपीट करने पर दोनों ने बारात दरवाजे पर आने के बाद शादी से इनकार कर दिया। दोनों की शादी ताजपुर के रहने वाले दो भाइयों तय हुई थी। सोमवार रात बारात आई। द्वारपूजा की तैयारी हो रही थी। तभी लड़के के घर वाले दहेज में कार की मांग करने लगे।दहेज को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट होने लगी। दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गए। मारपीट की जानकारी होते ही दोनों बहनों ने शादी से इनकार कर दिया। दोनों शादी के जोड़े में ही थाने पहुंचे गईं। पुलिस से शिकायत की।दहेज के पैसे वापस दिलवाने की मांग करने लगीं। पुलिस दोनों पक्षों को समझने में लगी है। पूरा मामला सादाबाद क्षेत्र के समदपुर गांव की है। बहनों का आरोप है कि दूल्हे के भाईयों ने उनसे भी अभद्र व्यवहार किया। उनकी 7 साल की छोटी बहन के हाथ में गंभीर चोट आई है।जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर सादाबाद में समदपुर गांव है। यहां के रहने वाले सुनील की दो बेटियां शिवानी, भारती हैं। दोनों की शादी समदपुर गांव से 20 किला. `मीटर दूर ताजपुर के दो भाइयों मोहित और उनके भाई नरायण से तय हुई थी। 14 अप्रैल शादी की डेट तय हुई।14 अप्रैल सोमवार को शाम 7 बजे बारात आई। शादी की पूरी तैयारी की जा चुकी। मंडप सजा था। अग्निकुंड तैयार था। बारातियों के स्वागत में सभी लोग खड़े थे। बारातियों ने चाय नाश्ता किया। फिर द्वारपूजा की तैयारी होने लगी।तभी दूल्हे के पिता आए और लड़की के पिता से दहेज में कार की डिमांड करने लगे। लड़की के पिता सुनील बोले– दहेज में जो भी तय था सब दे चुका हूं। अब हम कार नहीं दे सकते। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद होने लगा।दूल्हे ने बड़े भाई ने लड़की के भाई को धक्का दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू गई। मारपीट में दुल्हन के भाई के सिर में चोट आ गई। उसके सिर से खून निकलने लगा। ये देख वहां अफरा तफरी मच गई।शादी के जोड़े में सजी शिवानी ने बताया कि शादी की तैयारी हो गई थी। घर मे खुशी का माहौल था कि दो बहनों की शादी एक साथ हो रही है। हम दोनों दुल्हन के जोड़े में बारात का इंतजार कर रहे थे। बारात दरवाजे पर





आई तो अचानक डीजे की आवाज बंद हो गई।घर में अफरा तफरी मची थी। सब इधर–उधर भाग रहे थे। पूछने पर कोई कुछ बता नहीं रहा था। हम कमरे से बाहर आ गए। तभी किसी ने आकर बताया कि बारातियों से मारपीट हो गई है। आप के भैया को चोट लग गई है। छोटी बहन का हाथ टूट गया है।वहीं सीओ हिमांशु माथुर ने बताया कि दोनों पक्षों में मारपीट का मामला है उनको समझाने का प्रयास किया गया है। अभी तक किसी पक्ष ने कोतवाली में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री डैश बोर्ड उत्तर प्रदेश की हाउस टैक्स वाटर टैक्स कनेक्शन वर्सेस टारगेट कैटेगरी की मार्च की रैंकिंग में अलीगढ़ नगर निगम आया

मुख्यमंत्री डैश बोर्ड उत्तर प्रदेश की हाउस टैक्सध्वाटर टैक्स कनेक्शन वर्सेस टारगेट कैटेगरी की मार्च की रैंकिंग में अलीगढ़ नगर निगम आया पहले पायेदान पर–महापौर व नगर आयुक्त ने करदाताओं, पार्षदों अधिकारियों व कर्मचारियों को दी बधाईरिकॉर्ड टेक्स वसूली से शहर में विकास कार्यो और नागरिक सुविधाओं को प्रभावी बनाने में मिलेगी मदद– महापौर और नगर आयुक्त ने करदाताओं का जताया आभारमुख्यमंत्री डैशबोर्ड उत्तर प्रदेश द्वारा हाउस टैक्सध्वाटर टैक्स कने. क्शन वर्सेस टारगेट कैटेगरी जारी रैंकिंग में अलीगढ़ नगर निगम ने प्रदेश में पहले स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि नगर निगम की कुशल और प्रभावी कार्यशैली व रिकॉड वसूली का परिणाम है।नगर आयुक्त विनोद कुमार ने बताया कि मार्च की जारी रैंकिंग में 162.84: के साथ अलीगढ़ प्रथम 144.74: के साथ लखनऊ दूसरे, 127.40: के साथ बरेली तीसरे स्थान पर, 121.16: के साथ शाहजहांपुर चौथे व 119.20: के साथ आगरा पाचवें स्थान पर आया हैनगर आयुक्त विनोद कुमार ने इस अवसर पर अलीगढ़ नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को हृदय से बधाई देते हुए कहा रिकॉर्ड वसूली मेहनत और समर्पण ने नगर निगम को इस ऊंचाई पर पहुंचाया है।नगर आयुक्त ने बताया कि इस उपलब्धि के पीछे कई कारक हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख हैं जिसमे प्रमुख रूप से कुशल प्रशासनरू अलीगढ़ नगर निगम के अधिकारियों ने अपनी कुशल प्रशासनिक क्षमताओं का प्रदर्शन किया है। प्रभावी सेवाएंरू नगर निगम ने अपने नागरिकों को प्रभावी और तेजी से सेवाएं प्रदान की हैं। रिकॉर्ड वसूलीरू नगर निगम अलीगढ़ ने इस वित्तीय वर्ष में 162.84: की रिकॉर्ड



वसूली की है इसकी वजह से प्रदेश में अलीगढ़ नंबर वन बउ डैश बोर्ड रैंकिंग में आया हैमहापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा निश्चित रूप से इस उपलब्धि के लिए शहर के सम्मानित करदाता बधाई के पात्र है जिन्होंने नगर निगम संपत्ति कर को जमा कर अलीगढ़ का नाम प्रदेश में रोशन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई महापौर ने कहा निश्चित रूप से अलीगढ़ के करदाताओं द्वारा रिकॉर्ड संपत्ति कर जमा करने से अलीगढ़ में विकास कार्यों और नागरिक जन सुविधाओं को प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी

# ऑपरेशन जागृति फेस–4 के अंतर्गत जिला व ब्लॉक स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन



अलीगढ़ जिले में श्श्ऑपरेशन जागृति–4श्श के अंतर्गत एक व्यापक जन–जागरूकता अभियान 17 अप्रैल से चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य आमजन को समाज विरोधी गतिविधियों, साइबर अपराध, नशा उन्मूलन, महिला एवं बाल सुरक्षा, मानव तस्करी, बाल श्रम, मि. हलाओं के प्रति अपराध, झूठे प्रकरणों, लव रिलेशनशिप के प्रति जागरूकता, पारिवा. रिक विघटन, युवाओं में नशा एवं साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सजग एवं संवेदनशील बनाना है।पुलिस अधीक्षक अपराध ममता कुरील ने उक्त जानकारी दी, वह पुलिस लाइन सभागार में यूनिसेफ के सहयोग से संचालित जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल से 16 मई तक चलने वाले एक माह के अभियान में जिले में विभिन्न विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य सार्वज. निक स्थानों पर पर लगभग 900 जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष एवं एससी–एसटी एक्ट के लाभार्थियों एवं महिला कल्याण विभाग को महिला संबंधी ऐसे प्रकरण जिनमें उनको आर्थिक सहायता दी जानी है का ब्यौरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने महिला आयोग द्वारा प्रेषित प्रकरणों का भी प्राथ. मिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य ने बताया कि अभियान की सफलता के लिए जिला व ब्लॉक स्तरीय टीमों का गठन कर उनकों प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जिला एवं पुलिस प्रशासन, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, ग्रामीण विकास, युवा कल्याण, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पंचायतीराज, शिक्षा एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त प्रयास करते हुए अंत. र्विभागीय समन्वय से महिलाओं, किशोर व किशोरियों से समूह संवाद, अभिभावकों के साथ संवाद, विद्यालयों में छात्र–छात्राओं से श्श्आओ बात करेंश्श जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए घरेलू एवं पारिवारिक विवादों में काउंसलिंग एवं मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। अभियान के अंतर्गत हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1930 (साइबर हेल्पलाइन) की जानकारी आमजन तक पहुँचाई जाएगी, जिससे वे जरूरत पड़ने पर त्वरित सहायता प्राप्त कर सकेंयूनिसेफ के तकनीकी सलाहकार प्रीतेश तिवारी एवं नीरज शर्मा द्वारा ऑपरेशन जागृति फेस–4 की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि मिशन जागृति फेज–4 अभियान 17 अप्रैल से आरंभ होगा और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का प्रयास किया जाएगा उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षणाि. र्थयों ने अपील करते हुए कहा कि वह श्श्ऑपरेशन जागृति –4श्श के अंतर्गत संच. ालित कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करें एवं एक सुरक्षित, सशक्त और अपराध मुक्त समाज की स्थापना में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत जो भी कार्यक्रम कराए जाएं उनकी गुणवत्तापरक फोटो एप के माध्यम से उपलोड अवश्य की जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यक्रम में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपने–अपने सुझाव दिए और विभागीय समन्वय के साथ ग्राम, वार्ड और स्कूल स्तर तक पहुँचने की रणनीति बनाई। इस अवसर पर सभी खण्ड विकास अधिकारियों समेत जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण, जनपद के समस्त पुलिस थानों से प्रतिभाग करने वाले पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य एडीजी मैडम, आगरा जोन के निर्देशन में संचालित श्श्ऑपरेशन जागृति फेस–4श्श की रूपरेखा, उद्देश्यों तथा क्रियान्वयन की जानकारी देना और विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना रहा। महिलाओं के प्रति हिंसा की रोक. थाम। झूठे मुकदमे दर्ज न किया जाना।किशोर–किशोरियों के प्रेम संबंध से जुड़े मामलों का सकारात्मक समाधान।सा. इबर सुरक्षा एवं डिजिटल सतर्कता।युवाओं में नशा मुक्ति और इसके दुष्प्रभाव। पा. रिवारिक विघटन और उसके समाधान।

# व्यांगजन शादी–विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत करें आवेदन

अलीगढ़ दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी–विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत विवाहित जोड़े में से यदि पति दिव्यांग है तो 15 हजार रूपयें, पत्नी दिव्यांग है तो 20 हजार रूपयें तथा पतिपत्नी दोनों के दिव्यांग होने पर 35 हजार रूपये प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में प्रदान किये जाते हैं।यह जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि शादी के समय युवक की आयु 21 से 45 वर्ष एवं युवती की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य के साथ ही दम्पत्ति में से कोई आयकर दाता न हो, योजना के तहत पात्र है। उन्होंने बताया कि मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र 40 प्रतिशत से कम न हो, गत एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुई शादी वाले दम्पत्ति योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में दिव्यांगता प्रदर्शित करता हुआ संयुक्त नवीनतम फोटो, विवाह पंजीकरण संख्या, युवक एवं युवती दोनों का आय, जाति एवं जन्मतिथि से सम्बन्धित प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, अधिवास प्रमाण पत्र तथा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में संयुक्त बैंक खाते की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। श्री कुमार ने बताया कि अभ्यर्थियों को समस्त अभिलेखों सहित किसी जनसेवाध्लोकवाणी केन्द्र से अथवा स्वयं http//divangjan-upsdc-gov-पद पर आनलाइन आवेदन कराना अनिवार्य है। अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन की प्रति के साथ सभी अभिलेखों को संलग्न कर विकास भवन स्थिति जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय कमरा नं08 में किसी भी कार्य दिवस में जमा करा सकते हैं तथा योजना से सम्बन्धित और अधिक जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस 16 अप्रैल को

अलीगढ़(जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में क्वार्सी फार्म परिसर स्थित किसान कल्याण केंद्र में 16 अप्रैल को दोपहर 12:30 बजे से किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा।उप निदेशक कृषि यशराजसिंह ने उक्त जानकारी देते हुए सभी किसानभाईयों से अनुरोध किया है कि वह अपनी समस्याओंव शिकायतों के निस्तारण के लिए नियत समय व स्थान पर किसान दिवस में प्रतिभाग करने का कष्ट करें

# समितियों पर फर्नीचर, पेयजल समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं

अलीगढ़ समितियों के भ्रमण के दौरान प्रायः संज्ञान में आया है कि अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के बैठने के लिए समितियों पर पर्याप्त फर्नीचर आदि उपलब्ध नहीं होता है, साथ ही गेहू खरीद अभियान के अन्तर्गत दूर दराज से आये कृषक बन्धुओं के लिए पानी पीने के लिए जग, गिलास आदि भी उपलब्ध नहीं होता है।सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता कृष्ण कुमार ने उक्त के दृष्टिगत सभी सचिवों को निर्देशित किया है कि अपनी समिति पर मॉग के अनुरूप पर्याप्त मेज, कुर्सी, जग, गिलास की उपलब्धता सुनिश्चित करें और मूलभूत सुविधाए उपलब्ध होने की सूचना सम्बन्धित सहायक विकास अधिकारी या अपर जिला सहकारी अधिकारी के माध्यम से एक सप्ताह में कार्यालय सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता में उपलब्ध करायें।

## हर्षा की पदयात्रा में बुजुर्ग महिला का डांस अलीगढ़ में रिछारिया बोलीं–यात्रा में दिक्कतें आईं, लेकिन पीछे नहीं हटूंगी

हर्षा रिछारिया ने आज दूसरे दिन अलीगढ़ के साि. थनी गांव से पदयात्रा शुरू की। पहले दिन वृंदावन से 40 किमी की दूरी तय कर वह साथिनी पहुंचीं। यहां खाटू श्याम मंदिर में रात रुकीं। मंगलवार सुबह खाटू श्याम का आशीर्वाद लिया।

# विकास भवन एवं ग्राम्य विकास पेंशनर एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

अलीगढ़ (विकास भवन में इंजी0 राकेश शर्मा की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनरों के देयों एवं विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए विकास भवन एवं ग्राम्य विकास पेंशनर एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सुरेन्द्र चौधरी को संयोजक व संरक्षक और इंजी राकेश शर्मा व कप्तान सिंह को संरक्षक चुने जाने के साथ ही कार्यकारिणी का गठन किया गया बैठक में राजेश कुमार शर्मा को जिलाध्यक्ष, महेश कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वीरेन्द्र सिंह व राकेश चन्द्र अग्रवाल को उपाध्यक्ष, बृजभूषण शर्मा को महासचिव, देवदत्त को कोषाध्यक्ष, चन्द्र प्रकाश चन्देल को सचिव, आनन्द वर्धन को प्रवक्ता, राजकुमार अग्रवाल को संगठन मंत्री, ज्ञान सिंह को प्रचार मंत्री, इस्लाम मोहम्मद को मीडिया प्रभारी एवं संजीव अग्रवाल को संप्रेक्षक चुना गया।

# सहकारिता क्षेत्र में 22 अप्रैल से 20 सप्ताह का डिप्लोमा कोर्स आरम्भ

अलीगढ़ सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता कृष्ण कुमार ने प्रधानाचार्या सहकारी प्रबन्ध प्रशिक्षण केन्द्र (पलल्वपुरम) मेरठ के पत्र के क्रम में अवगत कराया है कि सहकारिता में 20 सप्ताह का प्रथम पत्रोपाधि सत्र (डिप्लोमा) 22 अप्रैल से 08 सितम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त पत्रोपाधि सत्र में विभिन्न विभागों के अधीन निबन्धित प्राइमरी एवं केन्द्रीय सहकारी संस्थाओं के पर्यवेक्षको, आकिंकों एवं खुले बाजार से ऐसे स्नातक जिनकी आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष हो भाग ले सकेगें। खुले बाजार से ऐसे स्नातक अभ्यर्थी जो कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्ति, भूतपूर्व सैनिकों, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी।उन्होंने बताया कि सहकारी समिति के कर्मचारियों के लिए छात्रावास एवं प्रशिक्षण अनुरक्षण शुल्क 1000–1000 रूपये अर्थात कुल 2000 रूपये जमा करना होगा, जिसकी प्रतिपूर्ति संस्थागत कर्मचारियों को संस्था द्वारा करायी जायेगी। खुले बाजार के प्रशिक्षार्थियों से प्रशिक्षण शुल्क 4000 रूपये एवं प्रशिक्षण अनुरक्षण शुल्क व छात्रावास शुल्क 1000–1000 रूपये अर्थात कुल 6,000 रूपये जमा करने होगें। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी उक्तानुसार शुल्क जमा कर पत्रोपाधि सत्र (डिप्लोमा) में दाखिला ले सकता है। अधिक जानकारी के लिए मो0न0 9997067744 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# अलीगढ़ जिला मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप मच गया है। मंगलवार दोपहर ई–मेल के जरिए कलेक्ट्रेट परिसर को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी



अलीगढ़ जिला मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप मच गया है। मंगलवार दोपहर ई–मेल के जरिए कलेक्ट्रेट परिसर को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई। जिससे पूरे परिसर की बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वाइड से चेकिंग कराई गई है। बताया जा रहा है कि अलीगढ़ समेत कई जिलों की कलक्ट्रेट को उड़ाने की धमकी मिली है। परिसर को ई– कलेक्ट्रेट मेल के जरिए मंगलवार दोपहर आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई है। जिससे सनसनी फैल गई। पूरे परिसर की बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वाइड से चेकिंग कराई गई है। बताया जा रहा है कि अलीगढ़ समेत कई जिलों की कलक्ट्रेट को उड़ाने की धमकी मिली है। स्थानीय स्तर पर इसकी जांच कराई जा रही है। कलक्ट्रेट से आधे से ज्यादा कर्मचारी अपने कार्यालयों में ताला लगा कर चले गए।वहीं बाराबंकी जिलाधिकारी कार्यालय में बम होने की सूचना पर हड़कंप मच गया। बम डिस्पोजल टीम और पुलिस फोर्स सर्च अभियान चला रही है। एक–एक कमरे और अलमारियों की तलाशी ली जा रही है। यह सूचना तमिलनाडु से डीएम को मेल पर भेजी गई है। मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अचानक तमिलनाडु से एक मेल आया, जिसमें बाराबंकी जिलाधिकारी के कार्यालय में बम होने की सूचना दी गई। मामले की जानकारी डीएम शशांक त्रिपाठी ने तत्काल पुलिस अधीक्षक और बम डिस्पोजल टीम को फोन पर दी। इसके बाद कलेक्ट्रेट छावनी में तब्दील हो गया।

# मंडलायुक्त संगीता सिंह की अध्यक्षता में खैर–जट्टारी मुख्य मार्ग पर जाम की समस्या के समाधान के लिए बैठक सम्पन्न

अलीगढ़ आयुक्त, अलीगढ़ मंडल अलीगढ़ श्रीमती संगीता सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को खैर–जट्टारी मुख्य मार्ग पर लगने वाले भीषण जाम की समस्या का समाधान निकालने के लिए लोनिवि अतिथि गृह खैर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मा0 विधायक खैर श्री सुरेन्द्र दिलेर, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चौधरी शेर सिंह, नगर पालिका परिषद खैर अध्यक्ष श्री संजय शर्मा, नगर पंचायत जट्टारी अध्यक्ष समेत पुलिस प्रशासन, एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।मंडलायुक्त ने खैरजट्टारी मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन लगने वाले जाम की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए तत्कालिक एवं दीर्घक. ालिक समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को यातायात की समस्या से निजात दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करते हुए लिए गए निर्णयों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए ताकि स्थानीय नागरिकों के साथ ही दूर दराज से आने वाले यात्रियों को राहत मिल सक. े।बैठक में सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाने, जाम के समय यातायात को सुचारू रूप से संच. ालित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस की तैनाती बढ़ाए जाने, वैकल्पिक मार्गों की पहचान कर उन्हें विकसित किए जाने, मुख्य बाजार क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर समयबद्ध प्रतिबंध लगाए जाने, पार्किंग व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर पंचायत द्वारा स्थान चिन्हित करने सबन्धी बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में नो–एंट्री का समय निर्धारित करते हुए वाहनों को नो–एंट्री अवधि में कस्बे में प्रवेश न होने के निर्देश दिए गए। वहीं पुलिस एवं अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कस्बे में अतिक्रमण की समस्या से निजात दिलाई जाए, इसके लिए नियमित अभियान चलाया जाए। पहले दिन चेतावनी के बाद दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्ती की जाए। सड़क के दोनों तरफ मिट्टी समतल होनी चाहिए। कस्बे की सड़क के मध्य मूवेविल डिवाइडर स्थापित किए जाने पर भी सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। खैर–सोमना रोड से खैर बाजार तक की सड़क की मरम्मत करते हुए वैकल्पिक मार्ग तैयार कर संचा. लित किए जाने का भी निर्णय लिया गया। दुकानदारों एवं जन सामान्य को सड़क के दोनों तरफ वाहन खड़े किए जाने से होने वाली दुष्वारियां के बारे में जागरूक करते हुए खड़े वाहनों को तत्काल हटाए जाने की व्यवस्था पर भी सहमति बनी।बैठक में टैंटी गॉव तिराहे का सौंदर्यीकरण कराए जाने के संबंध में अधिशासी अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। गौमत चौराहे पर इधर–उधर खड़े होने वाले ढ़केल, रेहड़ी, खोमचे एवं सवारी वाहनों के लिए सीमा रेखाकंन करने के निर्देश दिए गए।



एनएचएआई को निर्देशित किया गया कि गौमत चौराहे के नजदीक बाबू का नगला एवं सोफा नहर से पहले पीटीए मार्ग पर होने वाले जलभराव का जल्द से जल्द स्थायी समाधान निकाला जाए। बैठक में एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, एसपी ग्रामीण अमृत जैन, एसडीएम खैर महिमा राजपूत, अधिशासी अभियंता लोनिवि योगेश कुमार, बीडीओ खैर एवं अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

# कासगंज में लापता हुए 3 बच्चे मिले रेलवे लाइन के पास से बरामद

कासगंज संवावदाता इंदंपाल राजपूत

सोरों थाना क्षेत्र से लापता हुए तीन बच्चों को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। काशीराम कालोनी से 13 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे तीन बच्चे अचानक गायब हो गएथे।लापता बच्चों में 11 वर्षीय गुड्डू, 11 वर्षीय अब्दुल और 10 वर्षीय लकी शामिल हैं। बच्चों के परिजनों द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी।एसपी अंकिता शर्मा ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने एएसपी राजेश भारती और सीओ नगर आंचल चौहान के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित कीं। सोरों थाना प्रभारी



जगदीश चंद्र की टीम ने सहावर गेट फाटक के पास रेलवे लाइन के किनारे से तीनों बच्चों को बरामद किया। बच्चों की सकुशल वापसी से परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

## रसूलपुर गांव में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

रसूलपुर गांव में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर निकाली गई शोभायात्रा में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया।विधायक नादिरा सुल्तान ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि समाज में समानता, शिक्षा और न्याय के लिए बाबा साहेब का संघर्ष आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने लोगों से समतामूलक समाज बनाने का आग्रह किया।कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इनमें विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र शाक्य, प्रदेश सचिव डॉ. प्रेम सिंह और जिला सचिव पुष्पेंद्र यादव शामिल थे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रांजल यादव, रोहितास यादव, रोहित शाक्य और निर्दोष तिवारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, विचारों और संघर्षों पर प्रकाश डाला। शोभायात्रा के माध्यम से अंबेडकर के विचारों और संदेशों को जन–जन तक पहुंचाया गया।

## एटा जिले के मलावन थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ

एटा जिले के मलावन थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ। मलावन कस्बे से जायका रेस्टोरेंट में बारात में शामिल होने जा रहे परिवार की कार की दूसरे वाहन से टक्कर हो गई।हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों में 55 वर्षीय गीता पत्नी राधेश्याम, 13 वर्षीय आरती पिता प्रिंस और 50 वर्षीय शांति देवी शामिल हैं।घायल के परिजन उपेंद्र के अनुसार, परिवार शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। रोड क्रॉस करते समय सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला।थाना प्रभारी रोहित राठी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। तीनों की स्थिति अभी गंभीर बनी हुई है।

## पारिवारिक कलह के बाद अखबार कर्मी ने दी जान

कासगंज जनपद की ढोलना कोतवाली क्षेत्र में एक घटना सामने आई है। एटा जिले के एक निजी अखबार की प्रेस में कार्यरत 45 वर्षीय व्यक्ति ने आम के बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मृतक की पहचान राकेश के रूप में हुई है। वह एटा जिले के थाना मारहरा के नागला बाग गांव का निवासी था। राकेश ने अथैया चौराहे के पास गांव बहेटा के बाग में यह कदम उठाया। सुबह ग्रामीणों ने पेड़ पर शव लटका देखा और पुलिस को सूचना दी।मृतक के भाई विनय के अनुसार, राकेश कल घर में हुए विवाद के बाद अलीगढ़ ड्यूटी जाने की बात कहकर निकले थे। राकेश तीन बच्चों के पिता थे। उनकी बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि 13 वर्षीय बेटी सृष्टि और 12 वर्षीय बेटा प्रशांत घर पर हैं।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी आशा देवी की हालत बेहद दयनीय है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्कूलों को लेकर डीएम का बड़ा फैसला कासगंज में हर साल यूनिफॉर्म नहीं बदलेगी, फीस और किताबों के रेट होंगे तय

कासगंज में शिक्षा को व्यापार बनने से रो. कने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी मेधा रुपम ने मंगलवार को जिले के सभी सरकारी और गैर–सरकारी स्कूलों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की।डीएम ने स्पष्ट किया कि जिले में अब हर साल स्कूल यूनिफॉर्म नहीं बदली जाएगी।
उन्होंने कहा कि अधिकतर स्कूल ट्रस्ट के नाम पर चल रहे हैं और शिक्षा को व्यापार नहीं बनाया जाना चाहिए। इस नियम का उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिले में एक शिक्षा समिति का गठन किया गया है। सभी स्कूलों को अपनी फीस का निर्धारण कर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा करना होगा। किताबों, स्टेशनरी और ड्रेस के रेट भी तय किए जाएंगे, जिससे अधिक शुल्क नहीं लिया जा सकेगा।डीएम ने स्कूलों को किताबों और स्टेशनरी का कच्चा बिल देने पर भी रोक लगा दी है। साथ ही, सभी स्कूलों को सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित फीस से अधिक वसूलने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान रखा गया है।

## एटा के जीटी रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक में अमरनाथ यात्रा के पंजीकरण को लेकर श्रद्धालुओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया

एटा के जीटी रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक में अमरनाथ यात्रा के पंजीकरण को लेकर श्रद्धालुओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बैंक के बाहर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जमा हुए।बैंक प्रबंधन का कहना है कि पोर्टल में तकनीकी समस्या के कारण पंजीकरण नहीं हो पा रहा है। श्रद्धालु प्रदीप कुमार ने बताया कि वह सुबह 9 बजे से बैंक में मौजूद हैं। तीन घंटे बीत जाने के बाद भी उनका पंजीकरण नहीं हो सका।श्रद्धालु सतपाल यादव के अनुसार करीब 100 लोग पंजीकरण के लिए लाइन में खड़े हैं। कई श्रद्धालु दूर–दूर से मेडिकल जांच कराकर पंजीकरण के लिए पहुंचे हैं। बैंक प्रबंधन की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है।श्रद्धालुओं का कहना है कि शासन–प्रशासन ने पंजाब नेशनल बैंक को यात्रा पंजीकरण की जिम्मेदारी दी है। लेकिन बैंक की लापरवाही से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुस्साए श्रद्धालुओं ने बैंक के बाहर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया।

## कासगंज 6 महीने के मासूम की तहेरे भाई ने फोड़ दीं आंखें, लहूलुहान हालत देख मां का कलेजा हुआ छलनी



कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत : सदर कोतवाली क्षेत्र के साहब वाला पेंच इलाके में तहेरे भाई ने 6 माह के मासूम बच्चे की दोनों आंखें नुकीली वस्तु से प्रहार कर फोड़ डाली। मां की चीख पुकार सुन आरोपी को आसपास के लोगों ने पकड़कर घर में बंद कर दिया और मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। वहीं गंभीर रूप से घायल मासूम बच्चे को चिकित्सकों ने अलीगढ़ रेफर किया गया है।सदर कोतवाली क्षेत्र के मालगोदाम रोड स्थित साहब वाला पेंच निवासी अवनीश माहेश्वरी का 6 महीने का बेटा पार्थ चारपाई पर सो रहा था, तभी उनके भाई रवेंद्र माहेश्वरी का 27 वर्षीय बेटा शुभम उसे किसी बहाने छत पर ले गया। पिता ने बताया शुभम ने घर को हर तरफ से बंद कर दिया और पार्थ को छत से सड़क पर फेंकने लगाअचानकबच्चे की जोर–जोर से चीखने की आवाज सुन मां श्वेता ने सुनी, तब श्वेता पड़ोसियों के घर से अपनी छत पर पड़ोसियों के साथ पहुंची तो 6 माह का मासूम लहूलुहान हालत में था। आरोपी ने मासूम बच्चे की दोनों आंखों में नुकीली वस्तु से प्रहार करउन्हें लहूलुहान कर दिया था। घटना केबाद भाग रहे शुभम को पड़ोसियों के लोगों ने पकड़कर पिटाई कर दी। पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। वहीं घायल मासूम को परिजन इलाज के लिए मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से गंभीर हालत में उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया गया।

## कासगंज में गैंगरेप के बाद लोगों में गुस्सा, बोले– कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो

कासगंज, अमृत विचार। कासगंज में बढ़ते अपराधों को लेकर लोगों में आक्रोश है। पूर्व में एक बालिका से दुष्कर्म, महिला अधिवक्ता की हत्या और हाल ही में एक युवती से गैंगरेप के बाद लोगों में डर का माहौल है।आठ लोगों ने किया था गैंगरेप दस अप्रैल को मंगेतर के साथ किसी काम से निकली युवती को आठ लोगों ने हवस का शिकार बनाया था। युवक को बंधक बनाकर युवती के साथ गैंगरेप किया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन डर का माहौल लोगों में अभी भी बना हुआ है।ये कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले छह साल की बालिका से दुष्कर्म किया गया था, उसके बाद महिला अधिवक्ता की हत्या पूरे देश में चर्चा का विषय बनी रही। गैंगरेप मामले में लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।हजारा नहर झाल के पुल पर दिनदहाड़े किशोरी के साथ आठ लोगों ने गैंगरेप किया, यह घटना बहुत शर्मनाक है। बेटियाँ आज भी सुरक्षित नहीं हैं और जनपद कासगंज की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। हमारी मांग है कि आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई कर उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जाए और दुष्कर्म पीड़िता को कम से कम 50 लाख का मुआवजा दिलाया जाए– सतेंद्र सिंह वैस टट।लगातार दरिंदों की अराजकता बढ़ती जा रही है। बलात्कार और हत्या की घटनाओं में वृद्धि हुई है। जब तक दरिंदों को ऐसी कड़ी सजा नहीं मिलेगी, जो दूसरों के लिए सबक साबित हो, तब तक ऐसी घटनाओं पर रोक लगाना कठिन रहेगा– अब्दुल हफीज गांधी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सपा।जिले में महिला सुरक्षा को लेकर तमाम दावे और वादे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीन पर ये दावे धराशायी हैं। महिलाएँ और छात्राएँ घुटन भरी जिंदगी जी रही हैं। उनके मन में असुरक्षा का भाव बना हुआ है। महिला सुरक्षा के लिए कड़े कानून बनाए जाएँ, ताकि आरोपी घटना को अंजाम देने से पहले सौ बार सोचे– शालिनी राजपूत, छात्रा।भारत में महिलाओं की रक्षा के लिए कानूनों की कमी नहीं है। भारतीय संविधान में कई प्रावधान महिलाओं के लिए बनाए गए हैं। अगर इतने कानूनों का सचमुच पालन होता तो महिलाओं के साथ भेदभाव, अत्याचार, उत्पीड़न, हत्या, रेप जैसी वारदातें थम जातीं। शासन और प्रशासन को सख्ती लानी चाहिए

## कासगंज गैंगरेप मामले में पीड़िता ने दी गवाही, जांच के लिए भेजे गएDNA सैंपल्स




कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत

कासगंज जिले में सामूहिक बलात्कार मामले की जांच मंगलवार को भी जारी रही, और किशोरी पीड़िता ने अदालत में मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया. एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी.अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राजेश कुमार भारती ने बताया कि दो फरार आरोपियों के खिलाफ अब दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 82 और 83 के तहत संपत्ति कुर्की की कार्यवाही की जाएगी.सोमवार को गिरफ्तार किए गए आठ आरोपियों का डीएनए परीक्षण के लिए जिला अस्पताल में रक्त का नमूना लिया गया. उन्होंने बताया कि पीड़िता ने कथित तौर पर सभी आठ व्यक्तियों की पहचान कर ली है, और उनके डीएनए नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं. प्रशासन ने पीड़िता और उसके परिवार को वित्तीय सहायता दी और उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है. एएसपी ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट मेधा रूपम और पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा पीड़िता के घर गईं, पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि का चेक उसे सौंपा और घर के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया.उन्होंने बताया कि इसके अलावा, दो सशस्त्र गार्ड, दो महिला कांस्टेबल और पांच अन्य सुरक्षा कर्मियों को चौबीसों घंटे सुरक्षा के लिए पीड़िता के घर पर तैनात किया गया है. एएसपी ने कहा, श्अधिकारियों ने आपात स्थिति के मामले में सीधा संपर्क सुनिश्चित करने के लिए परिवार के साथ अपने व्यक्तिगत संपर्क नंबर भी साझा किए. शकिशोर लड़के को जिला पुलिस के जन. संपर्क अधिकारियों (पीआरओ) ने सुरक्षा प्रदान करने से इनकार कर दिया. हालांकि, एएसपी राजेश भारती ने कहा कि युवक पुलिस के संपर्क में है और उसकी सुरक्षा पर नजर रखी जा रही है.बताया जाता है कि यह किशोर पीड़िता का मंगेतर है, जो घटना के समय पीड़िता के साथ था. पीआरओ के अनुसार, पीड़िता के आवास की सुरक्षा के लिए दो शिफ्ट में गार्ड ड्यूटी लागू की गई है, जिसमें प्रति शिफ्ट में पांच कर्मियों को नियुक्त किया गया है.उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने प्रमुख गवाहों की सुरक्षा की भी व्यवस्था की है . उन्होंने कहा कि पुलिस दल फरार आरोपियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी रखे हुए हैं और संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है.दस अप्रैल को यहां 16 वर्षीय लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के मुताबिक, लड़की अपने 17 वर्षीय मंगेतर के साथ, अपना राशन कार्ड बनवाने गई थी. दोपहर करीब 2.30 बजे जब वह डीएसओ ऑफिस से लौटने के बाद अपने मंगेतर के साथ नहर के पास बैठी थी, तभी योगेश, अजय और सात–आठ अज्ञात लोग वहां आए और दोनों को झाड़ियों में ले गए.पीड़िता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि तीन लोगों ने लड़की के साथ बलात्कार किया, अन्य ने उसकी सोने की बालियां और 5,000 रुपये नकद ले लिए और उसके मंगेतर के मोबाइल से यूपीआई के जरिए जबरन 5,000 रुपये ट्रांसफर भी कर लिए. इस मामले में 12 अप्रैल को प्रा. थमिकी दर्ज की गई थी.

## कहासुनी के बाद युवती सहित दो ने निगला विषाक्त पदार्थ

एटा। घर पर कहासुनी के बाद कोतवाली देहात क्षेत्र के नगला केवल में एक युवती ने और कोतवाली नगर क्षेत्र के हिंदूनगर में एक युवक ने विषाक्त पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, यहां उपचार चल रहा है।कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव नगला केवल निवासी पिंकी ने मेडिकल कॉलेज में बताया कि बेटी उपासना की किसी बात को लेकर सोमवार की देर रात घर पर कहासुनी हो गई। इसी बात से नाराज होकर उसने घर में रखा हुआ विषाक्त पदार्थ निगल लिया। जब हालत बिगड़ी तो लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे, यहां उपचार किया जा रहा है।क. तवाली नगर क्षेत्र के हिंदूनगर निवासी हिमांशु ने बताया कि मामा अमन की किसी बात को लेकर घर पर पिता से कहासुनी हो गई। इसी बात से नाराज होकर मामा ने घर पर रखा हुआ विषाक्त पदार्थ निगल लिया। तबीयत खराब होने पर मेडिकल कॉलेज लेकर आए हैं।

